# संदर्भ की शर्तें
# कनसल्टेंट–सूचना प्रबंधन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है। इस का उद्देश्य
सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण में मदद उपलब्ध कराना है। इस केंद्र को स्वास्थ्य नीति, कार्यनीति विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियोजन, कार्यक्रम तैयार करने और मूल्यांकन में योगदान करने का जनादेश प्राप्त है।

यदि आप स्वास्थ्य के क्षेत्र में और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो आपके पास भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध दल के साथ काम करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर सहायता कार्यक्रम लागू करने में सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में सुधार और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने में सक्षम होने की प्रक्रिया में भागीदार बनने का अवसर देता है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों के दल के साथ कार्य करके आप सेवा प्रदान करने की प्रणाली, सबको प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधानों की खोज, अनुकूलन, सह–सृजन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह एक तरह से स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, जिला और उप–जिला स्तर पर कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान बांटने और सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा के विजन को साकार करने में सक्षम होने का अवसर है।

इस पद के लिए विशेषरूप से ज्ञान प्रबंधन विभाग के तहत एक कनसल्टेंट – सूचना प्रबंधन की आवश्यकता है जो पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर नियुक्त होगा।

**भूमिकाएं और उत्तरदायित्व :**

- राष्ट्रीय / राज्य / जिला स्तरीय सर्वेक्षण, एचएमआईएस, सतत विकास लक्ष्य संकेतकों और सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा के संकेतकों सहित, आवधिक आधार पर विभिन्न स्रोतों के माध्यम से प्रकाशित और उपलब्ध विभिन्न जानकारी और आंकड़ों की समीक्षा और विश्लेषण में सहायता करना।
- ज्ञान प्रबंधन और अन्य विभागों की आवश्यकता पर आधारित आसानी से अंतरण होने योग्य और उपयोग के योग्य रूप में उपलब्ध आंकड़ों के स्रोतों से सूचना की उपलब्धता सुनिश्चित करना। विभाग को सतत विकास लक्ष्यों और यूएचसी संकेतकों सहित प्रमुख स्वास्थ्य प्रणालियों के आंकड़ों एवं अध्ययनों के बारे में नवीनतम निष्कर्षों के बारे में जागरूक रखना।
- संकलित आंकड़ों से प्राप्त जानकारी की व्याख्या करने में सहायता करना और उनके निष्कर्षों के बारे में संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेजना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र की आवश्यकता के अनुसार संकेतक/रिपोर्ट के टेम्पलेट्स/डैश बोर्ड / स्कोर कार्ड विकसित करने में सहायता करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए अनुसंधान के कार्यान्वयन के साथ समन्वय में आंकड़े एकत्र करने और विश्लेषण संबंधी गतिविधियों में सहायता करना।
- विभाग के संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और संसद में प्रश्नों के समय से एवं उच्च–गुणवत्ता के उत्तर सुनिश्चित करना।
- जब और जहां कहीं आवश्यकता हो, अन्य कार्यों में कार्यकारी निदेशक की सहायता करना।

**योग्यता और अनुभव :**

- मेडिकल/दंत्य/स्वास्थ्य विज्ञान/जैवसांख्यिकी स्नातक के साथ समुदाय चिकित्सा/सार्वजनिक स्वास्थ्य/स्वास्थ्य सूचना विज्ञान/महामारी विज्ञान/क्लीनिकल अनुसंधान /स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान में स्नातकोत्तर योग्यता
- स्नातकोत्तर के बाद कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और अनुसंधान में कार्य अनुभव अत्यधिक वांछनीय है।
- भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों और विभिन्न हितधारकों की भूमिका की समझ।
- परियोजनाओं को नियत समय सीमा के अंदर पूरा करने के लिए कार्यालय समय के साथ और उससे अलग विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य करने की क्षमता और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने के इच्छुक।
- **कम्प्यूटर कौशल** : एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे सामान्य रूप से प्रयुक्त किए जाने वाले पैकेज में प्रवीणता। डेस्क अनुसंधान, सामग्री की समीक्षा और अन्य संबंधित कागजात देखने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता।
- अनिवार्य रूप से टीम के साथ काम करने की योग्यता तथा अच्छे बातचीत कौशल के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दल के साथ काम करने की क्षमता का अनुभव।
- आंकड़ों के विश्लेषण और मेडिकल आलेखों में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।

- अंग्रेजी लिखने और बोलने में अच्छा संचार कौशल, प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट लिखने की क्षमता अनिवार्य है। हिंदी में कार्य करने का ज्ञान वांछनीय है।
- दिए गए कार्य को अपने आप या मामूली पर्यवेक्षण के तहत करने की क्षमता।

उच्च गुणवत्ता के प्रकाशित कार्य अथवा विशिष्ट प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**आयु सीमा** : 40 वर्ष से अधिक नहीं

**स्थान** : नई दिल्ली के साथ राज्यों और जिलों की व्यापक यात्रा

**अनुबंध की अवधि** : आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए (पहले 3 महीने परिवीक्षा की अवधि होंगे। संतोषजनक प्रदर्शन के विषयाधीन, परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति (कनसल्टेंसी) पूरे एक वर्ष के लिए जारी रहेगी)। लिखित में एक महीने का नोटिस देकर कोई भी पक्ष कनसल्टेंसी समाप्त कर सकता है।

**कनसल्टेंसी फीस बॉन्ड** : रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/–

**फीस का यह ऑफर योग्यता और अनुभव पर आधारित होगा**

(कनसल्टेंट कनसल्टेंसी अनुबंध में विशेष रूप से उपलब्ध को छोड़कर किसी अन्य लाभ, भुगतान, सब्सिडी, क्षतिपूर्ति या पेंशन के लिए हकदार नहीं होगा। कनसल्टेंट को कराधान से छूट नहीं होगी और प्राप्त किए गए पारिश्रमिक पर मौजूदा नियमों के अनुसार लागू किसी भी कर की प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा )

- इस साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों और समुचित स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जा सकता है।

**आवेदन के लिए** : उम्मीदवारों से संदर्भ की शर्तों से संलग्न आवेदन फार्म डाउनलोड करने का आग्रह किया जाता है जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र की वैबसाइट पर अपलोड किए गए हैं और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र केवल **14 अक्टूबर, 2020** तक **nhsrc.kmd@gmail.com** पर ईमेल किए जा सकते हैं। अन्य प्रारूपों में या प्रभावित करने के अभिप्राय से अन्य माध्यमों के जरिए जमा कराए गए आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदित पद का नाम आवेदन पत्र पर स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।